## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिबंधित दवाओं समेत व्यापारी को साथ ले गई सीबीआई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के एक दवा व्यापारी को सीबीआई अपने साथ ले गई है। वजह प्रतिबंधित दवाओं की खरीद-फरोख्त में संलिप्तता बताई जा रही है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही लेकिन मामला सीबीआई द्वारा लखनऊ में 10 लाख रिश्वत लेते धरे गए दो सीबीएन इंस्पेक्टरों से जोड़कर देखा जा रहा है। जांच में प्रतिबंधित दवाओं की खरीद में कई लोगों का नाम सामने आया है।

### पिता के हत्यारे को उम्र कैद, जुर्माना भी लगाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोर्ट ने पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 10 हजार जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की रकम में से पांच हजार वादिनी संगीता को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश अपर जिला जज प्रथम शिवानी जायसवाल की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय व रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 17 अगस्त 2020 की रात की है।

### निर्माणाधीन मकान का हिस्सा गिरा, 5 घायल

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले के ट्रांस-हिंडन इलाके में मंगलवार देर रात एक निर्माणाधीन मकान का एक हिस्सा गिरने से 80 वर्षीय महिला समेत एक ही परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (ट्रांस-हिंडन) निमिष पाटिल ने बताया कि यह घटना अर्थला गांव में जीडीए की संजय कॉलोनी में 26/27 अगस्त की दरम्यानी रात को हुई।

### उमर अंसारी ने जमानत याचिका दायर की

**प्रयागराज, एजेंसी :** प्रयागराज में माफिया मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी ने गैंगस्टर कानून के तहत जब्त एक संपत्ति अपने पक्ष में मुक्त कराने के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दायर की है। अंसारी ने अदालत से इस आपराधिक मामले के लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा करने का आदेश देने का अनुरोध किया है। उमर अंसारी पर आरोप है कि उन्होंने गैंगस्टर कानून के तहत जब्त संपत्ति अपने नाम पर मुक्त कराने के लिए फर्जी हस्ताक्षर और दस्तावेज का इस्तेमाल किया।

# सीआईडी अधिकारी बताकर डॉक्टर से 10 लाख की रंगदारी मांगी

## दिनदहाड़े होम्योपैथिक डॉक्टर को पत्नी सहित 2 घंटे तक बनाए रखा बंधक

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पॉश कॉलोनी में दिनदहाड़े होम्योपैथिक चिकित्सक के घर में घुसकर खुद को सीआईडी अधिकारी बताते हुए एक व्यक्ति ने दो घंटे तक बंधक बनाए रखा। आरोपी ने चिकित्सक से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुए चिकित्सक एवं उसकी पत्नी के दोनों मोबाइल फोन कब्जे में ले लिए और पूरे घर की तलाशी ली। पैसे न मिलने के बाद फर्जी सीआईडी अधिकारी भविष्य में दोबारा आने तथा बताए स्थान पर रंगदारी की रकम पहुंचाने की बात कहकर फरार हो गया। पीड़ित चिकित्सक ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी और फर्जी सीआईडी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। पुलिस ने चैंबर के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश व जांच शुरू कर दी है।



किच्छा में सीसीटीवी कैमरे में कैद फर्जी सीआईडी अधिकारी।

आवास विकास क्षेत्र में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौरांग महापात्रा का पटेल पार्क के निकट महापात्रा क्लिनिक के नाम से अस्पताल तथा आवास है। डॉ. महापात्रा के अनुसार विगत दिवस सोमवार की दोपहर उनके क्लीनिक पर एक अज्ञात व्यक्ति पहुंचा और अपना परिचय सीआईडी अधिकारी के रूप में दिया। डॉ. महापात्रा ने बताया कि खुद को सीआईडी अधिकारी बता रहे व्यक्ति ने डॉ. महापात्रा तथा मौके पर मौजूद उनकी पत्नी का मोबाइल फोन कब्जे में लेने के बाद उनके शैक्षिक एवं चिकित्सा प्रमाण पत्र मांगकर जांचने शुरू कर दिए। अचानक हुई घटना से भयभीत डॉ. महापात्रा ने अपनी शिक्षा तथा चिकित्सा संबंधी सभी प्रमाण पत्र उक्त व्यक्ति को दिखा दिए तथा सभी दस्तावेजों की जांच करने के बाद कथित सीआईडी अधिकारी ने सभी प्रमाण पत्रों को फर्जी बताते हुए जमीन पर फेंक दिया और अपने पास पिस्टल होने की धमकी देकर पति-पत्नी को जमीन पर बिठा दिया। कथित अधिकारी ने डॉ. महापात्रा से पूछा कि घर में तथा उनके बैंक खाते में कितना कैश है। बताया कि उनके सवाल पर आपत्ति करने पर कथित अधिकारी ने पिस्टल से गोली मारने की धमकी दी। इस पर उसने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने करीब 2 घंटे तक मानसिक उत्पीड़न कर बार-बार पैसे की मांग कर धमकाया। पुलिस ने घटना की जांच तथा आरोपी अधिकारी की तलाश प्रारंभ कर दी है।

डॉ. महापात्रा ने बताया कि खुद को अधिकारी बताने वाले व्यक्ति के जाने के बाद जब उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग की जांच की तो पता चला कि स्क्रीन पर सीसीटीवी की फुटेज चल रही थी, लेकिन डीबीआर बॉक्स में रिकॉर्डिंग नहीं हुई।

### चाइनीज लोनिंग व क्रिप्टो गेमिंग फ्रॉड का हुआ भंडाफोड़

**बलरामपुर, अमृत विचार:** साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बलरामपुर पुलिस ने एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो चाइनीज लोनिंग एप व अवैध ऑनलाइन गेमिंग/बेटिंग एप के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी कर उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश भेज रहा था। पुलिस ने गिरोह से जुड़े एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर 112 करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन का खुलासा किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र होतीलाल (निवासी फिरोजाबाद, हाल पता लखनऊ) ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथियों संग फर्जी गेमिंग/बेटिंग एप (सुपर पे, ब्रो पे, सरकार पे, एविएटर, टीनपत्ती आदि) के माध्यम से ठगी करता था। फर्जी खातों में रकम जमा कर उसे नकदी में बदलकर क्रिप्टो वॉलेट (बाइनेंस) पर भेजा जाता था। गिरोह को हर ट्रांजैक्शन पर 2 से 3 प्रतिशत कमीशन मिलता था। अब तक की जांच में 85 बैंक खाते चिन्हित हुए हैं, जिनमें से 31 खातों में 24.29 करोड़ रुपये का लेन-देन मिला है। कुल मिलाकर 1 अरब 12 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक का ट्रांजैक्शन हुआ है।

# फरमान : महिला हज यात्री कराएं प्रेगनेंसी टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रेगनेंसी टेस्ट कराने का हज कमेटी ऑफ इंडिया ने दिया निर्देश
- पसमांदा मुस्लिम समाज ने की प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**अमृत विचार:** हज यात्रा पर जाने वाली सभी महिलाओं जिनमें अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा भी शामिल हैं उनको प्रेगनेंसी टेस्ट कराने का हज कमेटी ऑफ इंडिया ने निर्देश दिए हैं। पसमांदा मुस्लिम समाज के सपा के पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने इसे अपमानजनक बताते हुए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है।

अनीस मंसूरी ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि इस अपमानजनक प्रकरण पर राष्ट्रीय महिला आयोग और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की जबान भी बंद है, जबकि दोनों को स्वतः संज्ञान लेकर दोषियों को जेल भिजवाना चाहिए था। उन्होंने इस कार्रवाई को मुस्लिम महिलाओं की गरिमा और सम्मान के साथ खुला खिलवाड़, शर्मनाक, अपमान और घिनौना मजाक करार दिया है।

मंसूरी ने कहा कि प्रदेश के कई अस्पतालों में अविवाहित बच्चियों, विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं को जबरन इस तरह की जांच से गुजरना पड़ा, जिससे उनमें गहरा आक्रोश और असंतोष है। उन्होंने मांग की कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की जाए।

मंसूरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस अतिसंवेदनशील मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल को पत्र भेजकर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। यह आदेश वापस न हुआ तो देश भर में प्रदर्शन किया जाएगा।

# महिला ने बेटी के साथ मिलकर पति को पीटकर मार डाला

संवाददाता, अमेठी

- पुलिस ने आरोपी महिला व बेटी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** गेहूं पिसाने को लेकर हुए मामूली विवाद में महिला ने बेटी के साथ मिलकर अपने पति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की बड़ी बेटी की तहरीर पर आरोपी महिला व बेटी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली क्षेत्र के लढ़ियापुर मजरे चन्दईपुर निवासी रामअंजोर चौहान (50) पुत्र रामनेवाज बुधवार की दोपहर में दरवाजे पर चारपाई पर लेटा हुआ था। तभी उसकी पत्नी लखराजी ने उसे गेहूं पिसाने के लिए आटा चक्की पर जाने के लिए कहा। जिस पर रामअंजोर ने बाद में गेहूं पिसवाने की बात कही। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद होने लगा। आक्रोशित लखराजी ने डंडा उठाकर चारपाई पर लेटे पति पर हमला बोल दिया। उसके साथ छोटी पुत्री अमिता भी पिता को डंडे से मारने लगी। मां-बेटी की पिटाई से रामअंजोर को हाथ, पैर व सिर में गंभीर चोटें आईं।

जब तक चीख-पुकार सुनकर पास-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचते तब तक रामअंजोर की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी व बेटी को हिरासत में लिया और थाने लाई।

### खिलाड़ियों पर आज होगी धन की बारिश

**लखनऊ, अमृत विचार:** राष्ट्रीय खेल दिवस का मौका प्रदेश के खिलाड़ियों पर धन की बारिश लेकर आया है। सूबे का नाम रोशन करने वाले 88 खिलाड़ियों में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ 63.63 लाख रुपये की यह धनराशि वितरित करेंगे। गोमती नगर के विजयंत खंड के पद्मश्री मो. शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी जाएगी। मुख्यमंत्री राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को उनकी अर्जित उपलब्धियों के आधार पर पुरस्कृत करेंगे। इसके अलावा कई विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जायेगा। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निदेशक डॉ. आरपी सिंह के मुताबिक खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश में प्रतियोगिताओं के आयोजन के निर्देश दिये गए हैं।

# राहुल गांधी देशद्रोही, गली मोहल्ले में कूटे जायेंगे स्वामी प्रसाद मौर्य

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर विवादित बयान दिया है। मंगलवार रात एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे महंत राजू दास ने राहुल गांधी को देशद्रोही बता दिया। उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य पर भी हमला किया और कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य का जो हाल है वह किसी का हाल नहीं हो सकता। इसके लिए वह हर गली, हर मोहल्ले में कूटे जायेंगे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा सनातन के खिलाफ लगातार दिए जा रहे बयान को लेकर पत्रकारों से बात करते हुए महंत राजू दास ने कहा कि जो स्वामी प्रसाद मौर्य का हाल है वह किसी का नहीं हो सकता है। उन्हें हर गली में, हर मोहल्ले में कूटा जाएगा, पीटा जाएगा। कहा कि सनातन और संस्कृति की जो पहचान है, भारत से है। सनातन का यह विकास है कि वह पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है। सनातन सिखाता है धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भाव हो। जबकि स्वामी प्रसाद ही नहीं, स्वामी प्रसाद के जैसे तमाम लोग हैं जो सनातन पर टिप्पणी करते हैं। मैं हिंदुओं को आगाह करना चाहूंगा, सनातनियों से निवेदन करना चाहूंगा कि ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। वाकई में हम किसी के ऊपर उंगली नहीं उठाते हैं।



लाल कपड़ों में राजू दास, महंत- हनुमानगढ़ी अयोध्या। ● अमृत विचार

- गोंडा पहुंचे महंत राजू दास ने दिया विवादित बयान

### महिला सहकर्मी से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**एटा, एजेंसी:** जिले में वीरांगना अवंतीबाई लोधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के एक कर्मचारी पर एक महिला सहकर्मी से कथित तौर पर छेड़छाड़ और उत्पीड़न के लिए मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मेडिकल कॉलेज में कार्यरत महिला ने कोतवाली नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) कार्यालय में तैनात विजय लोधी नाम का व्यक्ति कई महीनों से उसका हाथ पकड़ने और छेड़छाड़ की कोशिश करता था। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने बताया कि इस बारे में किसी को बताने पर आरोपी उसे नौकरी से निकलवाने या झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। महिला कर्मचारी की शिकायत पर विजय लोधी के खिलाफ छेड़छाड़ और उत्पीड़न के आरोपों में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रतिनियुक्त अधिकारी की मूल विभाग में निर्धारित अवधि से पहले वापसी संभव

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारी को उसके मूल विभाग में कभी भी वापस बुलाया जा सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अधिकारी का यह अधिकार नहीं है कि वह निर्धारित अवधि पूरी होने तक प्रतिनियुक्ति के विभाग में ही कार्यरत रहे।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने अमित कुमार गौतम की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याची ने तर्क दिया कि उन्हें राज्यपाल की ओर से तीन वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड में प्रतिनियुक्त किया गया था, इसलिए उनकी वापसी का आदेश केवल राज्य सरकार ही पारित कर सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि कॉर्पोरेशन अभी भी अधिकारियों की मांग कर रहा है और प्रतिनियुक्ति समाप्त करने के पीछे छिपे आरोप हैं, जिससे आदेश दंडात्मक प्रतीत होता है। दूसरी ओर कॉर्पोरेशन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि यह स्थानांतरण स्वरूप प्रतिनियुक्ति है और याची का प्रतिनियुक्ति पर निर्धारित अवधि तक बने रहने का कोई अविच्छिन्न अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि कॉर्पोरेशन एक स्वतंत्र संस्था है और उसके प्रबंध निदेशक को आदेश पारित करने का अधिकार है।

# नैनीताल में मकान में लगी आग, बुजुर्ग महिला फंसी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मल्लीताल के मोहनको क्षेत्र में बुधवार देर रात्रि एक बहुमंजिला घर में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। एसडीआरएफ, अग्निशमन, पुलिस व स्थानीय लोग आग को बुझाने में जुटे हुए हैं।

यह घटना करीब रात्रि दस बजे हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक घर के अंदर से अचानक धमाका हुआ और धुएं के साथ आग लग गई। पल भर में आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घर के अंदर से फंसे लोगों को किसी तरह से बाहर निकाला और सूचना पुलिस को दी।



मल्लीताल के मोहनको क्षेत्र में मकान में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार

सूचना मिलने पुलिस, एसडीआरएफ व अग्निशमन विभाग के जवान मौके पर पहुंच गए और उन्होंने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और रेस्क्यू अभियान जारी है। घर में एक बुजुर्ग महिला के फंसे होने की सूचना भी है। उधर, पुलिस प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के घरों को खाली कराना शुरू कर दिया है। साथ ही क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद करा दी गई है।

- मकान में पहले हुआ धमाका आसपास के घर भी खाली कराए

# औद्योगिक विकास व रोजगार में यूपी टॉप-5 राज्यों में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूरे देश में रोजगार के मामले में प्रदेश की भागीदारी 8 प्रतिशत

**अमृत विचार :** औद्योगिक विकास व रोजगार के मामले में उत्तर प्रदेश टॉप-5 राज्यों में शामिल हो गया है। पूरे देश में रोजगार के मामले में प्रदेश की भागीदारी 8 प्रतिशत व कुल फैक्ट्रियों की संख्या में हिस्सा 8.51 प्रतिशत रहा। वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2023-24 की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। शासन के अधिकारियों के अनुसार एएसआई की यह रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू राज्य' की छवि से निकलकर देश के औद्योगिक मानचित्र पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

एएसआई रिपोर्ट के मुताबिक इस सेक्टर में 2023-24 में रोजगार में 5.92 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले दशक (2014-15 से 2023-24) में इस क्षेत्र ने 57 लाख से अधिक नौकरियां दीं। रोजगार के मामले में उत्तर प्रदेश तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक के साथ टॉप-5 राज्यों में शामिल हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार कुल फैक्ट्रियों की संख्या में भी प्रदेश का हिस्सा 8.51 प्रतिशत है, जिससे यह देश भर में चौथे स्थान पर है। तमिलनाडु (15.43 प्रतिशत), गुजरात (12.81 प्रतिशत), महाराष्ट्र (10.20 प्रतिशत) के बाद उत्तर प्रदेश का स्थान औद्योगिक ढांचे की मजबूती को दर्शाता है।

# साइबर ठगी के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** साइबर क्राइम सेल और रांची पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन करते हुए साइबर ठगी के आरोपी पिता-पुत्र को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

एसटीएफ एसएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि हल्द्वानी के रहने वाले रिटायर्ड फर्टिलाइजर्स अधिकारी एवं एनजीओ संचालक ने इसी वर्ष मार्च माह में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके मोबाइल पर दो अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी। इसमें पहला कॉलर खुद को टेलीकॉम अधिकारी और दूसरा कॉलर अपने को सीबीआई अधिकारी बता रहा था। साथ ही उसे भयभीत कर डिजिटल अरेस्ट कर दिया और फिर जेल जाने व जल्द ही गिरफ्तारी का खौफ दिखाकर 14.51 लाख की साइबर ठगी को अंजाम दिया था।



साइबर ठगों के साथ साइबर क्राइम सेल व रांची पुलिस। ● अमृत विचार

- साइबर सेल-रांची पुलिस ने की कार्रवाई
- रिटायर्ड फर्टिलाइजर्स अधिकारी से की थी ठगी

एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि मुकदमा दर्ज होते ही कुमाऊं साइबर क्राइम सेल को तफ्तीश दी गई और तफ्तीश के दौरान पता चला कि साइबर ठगी का मास्टरमाइंड गांव शिवपुरी टिकिया टोली सुल्तानगंज पटना बिहार निवासी सौरभ शेखर है। जिसने अपने पिता अजय कुमार सिन्हा के साथ मिलकर साइबर ठगी को अंजाम दिया। आधुनिक तकनीकी जांच में पता चला कि साइबर ठगी के अभियुक्त बाप बेटे को झारखंड के रांची इलाके में देखा गया है। जिसके आधार पर साइबर क्राइम सेल प्रभारी अरुण कुमार और रांची पुलिस ने दबिश देकर अभियुक्तों को दबोच लिया और साइबर ठगी के कई उपकरण भी बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### कर चुके हैं एक करोड़ तक की ठगी

**रुद्रपुर :** झारखंड के रांची में भी बाप बेटे पर 55 लाख रुपये की साइबर ठगी और उत्तराखंड में 14 .51 लाख की ठगी के दो मामले साइबर क्राइम सेल की प्रारंभिक पड़ताल में सामने आ चुके हैं। जब साइबर क्राइम सेल ने अभियुक्त अजय कुमार के खातों की पड़ताल की तो पता चला कि एनजीओ खाते के अलावा कई खातों में एक करोड़ से अधिक का आदान प्रदान हुआ है। यही कारण है कि साइबर सेल ने आपराधिक इतिहास खंगालना शुरू कर दिया है।

### बेटा था बेरोजगार, पिता ने खोला फर्जी एनजीओ

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** रिटायर्ड फर्टिलाइजर अधिकारी ठगी प्रकरण में यह खुलासा भी हुआ है कि अक्सर अभियुक्त सौरभ शेखर बेरोजगार होने के कारण मायूस सा रहता था और फिर बाप बेटे ने धनाढ्य बनने का सपना देखा और फिर साइबर क्राइम का रास्ता अपनाया। यही कारण है कि फर्जीवाड़ा करने के लिए बाप ने ही अपने दस्तावेज लगाकर एक फर्जी एनजीओ खोल डाली और एनजीओ संचालक एवं रिटायर्ड फर्टिलाइजर अधिकारी को सीबीआई अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट क्राइम को अंजाम दिया।

पूछताछ में अभियुक्त अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि उसका बेटा पिछले कुछ सालों से बेरोजगार है और अक्सर मायूस सा रहता था। जब बेटे को समझाने की कोशिश की तो उसने साइबर क्राइम का रास्ता अपनाकर जल्द धनाढ्य बनने का प्रस्ताव रखा था।

# आपदा प्रभावितों को मिलेगी हरसंभव सहायता : धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने स्यानाचट्टी में आपदा प्रभावित क्षेत्र, यमुना नदी में बनी झील का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तरकाशी जिले के स्यानाचट्टी में आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और मलबे के कारण यमुना नदी में बनी अस्थायी झील को खोलने के लिए जारी प्रयासों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों की समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। सीएम ने यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्यानाचट्टी में अस्थायी झील का निरीक्षण करने के बाद नदी मार्ग में जमा हुई गाद को निकालने और झील के मुहाने को चौड़ा कर त्वरित जल निकासी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य को जल भराव और मलबा आने से स्थानीय लोगों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवाजाही बाधित होने के कारण आलू की फसल की उचित मूल्य पर खरीद की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जगह-जगह भूस्खलन से मार्ग बंद होने से बाधित हुई आवाजाही को बहाल करने और यमुनोत्री मार्ग को जल्द ठीक कर यात्रा के लिए खोलने को कहा। उन्होंने आपदा प्रभावितों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और प्रभावित लोगों को हुए नुकसान का आकलन कर जल्द से जल्द उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि पिछले दिनों स्यानाचट्टी में मलबा आने से जलभराव हो गया और नदी में 25 फीट पानी और मलबा ऊपर आ गया।

### राम मंदिर की बाउंड्री वॉल पर बनेंगे बुलेटप्रूफ 28 मोर्चे

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए 14 फीट ऊंची और लगभग 3.5 किलोमीटर लंबी बाउंड्री वॉल हाईटेक सुरक्षा से लैस होगी। इसके साथ ही बुलेट प्रूफ मोर्चा और गस्त करते हुए सुरक्षाकर्मी दिखाई देंगे। बुधवार को गणेश चतुर्थी के शुभ मुहूर्त पर बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए नींव की पहली ईंट रखी गई। राम मंदिर के उत्तर दिशा से बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हो गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के अलावा सुरक्षा अधिकारियों में आईजी प्रवीण कुमार और एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे और बस सीआरपीएफ के कमांडेंट पूजन में मुख्य रूप से शामिल हुए। मंत्रोच्चारण के बीच नींव का पूजन कर ईंट लगाई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला कस्साबान निवासी उस्मान के अनुसार उनकी बेटी इकरा ने डेढ़ वर्ष पहले मोहिद के साथ प्रेम विवाह किया था। कुछ समय बाद ससुराल वालों ने दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि दहेज में दो लाख रुपये न मिलने पर पति ने रात में इकरा को तीन तलाक दे दिया। इकरा ने पिता के साथ कोतवाली पहुंचकर पति और ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है।

### मुनीश की मौत के मामले में जांच शुरू

**नवाबगंज, अमृत विचार :** चालक मुनीश की मौत के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। 22 अगस्त को मोहल्ला चाणक्यपुरी निवासी चालक मुनीष प्रजापति का शव श्मशान भूमि पर पड़ा मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस के अनुसार मुनीष ई रिक्शा से श्मशान तिराहे तक गए थे। बताते हैं कि वहां वह एक बाबा के पास कुछ देर बैठे थे। पुलिस उस बाबा से पूछताछ कर रही है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर गांव दौरा के पास बुधवार को डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। राहगीरों ने निजी एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भेजा। वहीं, चालक डंपर छोड़कर भाग गया। एसआई संदेश सिंह यादव ने बताया कि घायलों के बारे में अभी जानकारी नहीं हो सकी है।

### सर्प दंश से युवक की जान गई

**शीशगढ़, अमृत विचार :** मोहल्ला शरीफ नगर निवासी जावेद (40) की बुधवार को सर्पदंश से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार जावेद विलासपुर स्थित ईंट भट्ठा पर काम करते थे। सुबह सोते समय सांप ने उन्हें काट लिया। परिजन उन्हें कस्बा स्थित निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### वेबसाइट पर प्रदर्शित नहीं हो रहा परीक्षा परिणाम

**आंवला, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय के एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित न होने पर छात्र बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने की मांग की। एसडीएम विदुषी सिंह ने प्राचार्य को समस्या समाधान कराने के निर्देश दिए। छात्रों ने एसडीएम को बताया कि वेबसाइट पर उनका परीक्षा परिणाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। प्राचार्य डॉ एम पी सिंह ने एसडीएम को पत्र के माध्यम से बताया कि महाविद्यालय की ओर से परीक्षा नियंत्रक को पत्र भेजकर एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर 2025 का परीक्षाफल प्रदर्शित कराने के लिए अनुरोध किया है।

# गणेश चतुर्थी : शोभायात्रा में गूंजे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे

## देव स्वरूपों की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र, जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत, कई जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम हुए

कार्यालय संवाददाता, बरेली


शेरगढ़ में ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई शोभायात्रा। • अमृत विचार


रिठौरा में शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले भर में गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे। कई जगह मटकी फोड़ी गई।

**फतेहगंज पूर्वी :** कस्बे में लालता देवी मंदिर पर पं. उमेश शर्मा ने गणेश पूजन किया। भगवान गणेश को 1008 लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें गणेश, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, रामसीता आदि देव स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह मटकी फोड़ने का कार्यक्रम हुआ। जगह जगह लोगों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कस्बे की सप्लाई बंद रखी गई। इससे लोगों को दिक्कत हुई। प्रमोद चक्रवर्ती, मोहन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अरुण मिश्रा, लवी अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, संजीत मिश्रा, डॉ. यशपाल सिंह, प्रदीप अग्रवाल, पवन राज मिश्रा, अजय गुप्ता, अनुराग शर्मा का विशेष योगदान रहा।

**सेंथल :** कस्बे में सुदामा मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इसके बाद भगवान गणेश की स्थापना की गई। इसके अलावा घरों में भी गणपति स्थापित किए गए। आयोजक लेखराज मौर्य, राजा रस्तोगी, बबलू सैनी, राजेंद्र कश्यप, मुनीश जोशी, अविनाश मिश्रा, उमाकांत जोशी, राजीव गुप्ता, राकेश गुप्ता, हरिशंकर मौर्य, आशीष देवल, राकेश यादव, अनुभव शर्मा, रमेश गुप्ता, गणेश शर्मा, सेवाराम मौर्य, अर्जुन मौर्य आदि का सहयोग रहा।

**रिठौरा :** कस्बे में महंत तुलसीदास महाराज के नेतृत्व में भगवान गणेश की शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। लोगों ने जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। होली चौराहा मंदिर, सूर्य मंदिर, महंत अनमोल के भवन के निकट गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। दस दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना के बाद मूर्ति का विसर्जन रामगंगा में किया जाएगा। हेमंत, पिंकू, डल्लो देवी, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार कश्यप, सभासद कमलेश गंगवार, वीरपाल कश्यप, रवींद्र कश्यप, दिनेश भास्कर, पप्पू कश्यप, देव साहू, पप्पू साहू, रामसिंह, चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता मौजूद रहे।

**शेरगढ़ :** कस्बे में शेरगढ़-शाही मार्ग स्थित ब्रह्मदेव स्थल से गणेश यात्रा निकाली गई, जो श्रीराधा कृष्ण मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान ढोल नगाड़ों और डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। जमकर आतिशबाजी की गई। राधा कृष्ण मंदिर पर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। आयोजक आशु उर्फ निशांत गुप्ता ने बताया कि गणेश प्रतिमा का विसर्जन 4 सितंबर को रामगंगा चौबारी घाट पर किया जाएगा। चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, आशु उर्फ निशांत गुप्ता, राजू मौर्य, योगेश शर्मा, विमल गंगवार, शरद सक्सेना, विकास गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता, विशेष अग्रवाल, ऋषभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**भमोरा :** श्री गणेश सेवा समिति की ओर से ग्राम वल्लिया में गणेश शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह स्वागत किया गया। विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, एमएलसी महाराज सिंह, आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, नरेंद्र गुप्ता, राजू उपाध्याय, रामेंद्र पाल सिंह, राजू गुप्ता, गौरव शर्मा, गोपाल गुप्ता, गिरीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।


गणेश चतुर्थी पर फतेहगंज पूर्वी में मटकी फोड़ते युवा। • अमृत विचार


ग्राम बल्लिया में गणेश पूजन करते विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा व अन्य। • अमृत विचार

**बहेड़ी :** घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना कर गणेश प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। बुधवार को मंदिर भोले बाबा की मढ़ी, तहसील मंदिर, पंजाबी कॉलोनी शिव मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर, बासी मठ मंदिर, गंगा मंदिर, लोधीपुर मंदिर आदि मंदिरों में गणपति महोत्सव की शुरुआत हुई।

**फतेहगंज पश्चिमी :** मोहल्ला माली चौक पर गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई। व्यवस्थापक सुधीर पोरवाल, दिलीप मराठा ने बताया कि गणेश महोत्सव पांच दिन तक चलेगा। भंडारे के बाद 31 अगस्त को मूर्ति विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। निखिल भारद्वाज, राजेश भारद्वाज समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

**बिशारतगंज :** कस्बे के पुराना बाजार इलाके में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। सतीश साहू के घर पर सजे पंडाल में बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने पांच दिवसीय महोत्सव की शुरुआत की। प्रतिमा स्थापित करने से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। महेश साहू, राम रतन साहू, सतीश साहू, नंदू गुप्ता, प्रेमपाल साहू, राधेश्याम साहू, नानक राम सागर, बबलू मौर्य, प्रदीप साहू आदि मौजूद रहे।

### गणपति शोभायात्रा निकाली गई

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे में बुधवार को डाकघर से शाम सात बजे गणपति शोभायात्रा निकाली गई, जो बाईपास समेत मुख्य मार्गों से होते हुए जिला पंचायत के बरात घर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आयोजक मंडल के आलोक गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, सभासद आशीष गुप्ता, जितेन्द्र चड्ढा ने बताया कि 31 अगस्त को मूर्ति विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी।

## राजीव को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** कस्बे में पुराना बाजार स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर प्रांगण में महर्षि वाल्मीकि जयंती को लेकर बैठक हुई। जिसमें 12 अक्टूबर को शोभायात्रा निकाले जाने को लेकर कुछ भूमिकाएं तय की गईं। जिसमें राजीव वाल्मीकि अध्यक्ष, रामकिशोर भारती, विशाल मौर्य, सुदेश वाल्मीकि उपाध्यक्ष, विक्की वाल्मीकि महामंत्री, विशाल वाल्मीकि कोषाध्यक्ष चुने गए। इस दौरान संस्थापक धीरज वाल्मीकि, संरक्षक मुरारीलाल वाल्मीकि, डॉ. चंद्र सेन गुप्ता, हरिद्वारी लाल वाल्मीकि, राजेश, संतोष राही, ओम प्रकाश, चंदन, अजय, अमित, कुलदीप वाल्मीकि, राजेश, लखन, सुभाष, दिनेश, आशु वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# झूलते तारों से छुआ हाथ, करंट से युवक की मौत

संवाददाता, भमोरा

- गणेश चतुर्थी पर घर के सामने सजा रहे थे पंडाल
- शिकायत पर भी झूलते तार बिजली विभाग नहीं किए थे ठीक


अंशुल सोनी


मौत बनकर झूल रहे जर्जर तार।

**अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी को लेकर घर के सामने पंडाल सजा रहे युवक की झूलते तारों से हाथ छू गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार झूल रहे तारों को ठीक कराने के बिजली विभाग में कई बार शिकायत की मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

गांव देवचरा निवासी अंशुल सोनी (25) घर के सामने खाली पड़ी जगह पर हर वर्ष गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम करते थे। बुधवार शाम करीब 4:30 बजे वह पंडाल के पोल लगा रहे थे, इस दौरान उनका हाथ पास में झूल रहे तार से टच हो गया। करंट लगने पर अंशुल बेहोश होकर नीचे गिर पड़े। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बड़े भाई आकाश सोनी ने बताया अंशुल चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह बिनावर थाना क्षेत्र के गांव विजय नगला में सोने चांदी की दुकान चलाता था। पत्नी नंदिनी व मां लता बेटे का शव देख बेसुध हो गईं। भाजपा नेता डॉ. टीआर गोले ने बताया कि विद्युत विभाग से कई बार शिकायत करने के बावजूद भी झूलते तारों को ठीक नहीं किया गया। इसकी वजह से आज यह दुर्घटना हो गई। जेई जागेश कुमार ने बताया कि शटडाउन नहीं लिया गया था। झूलते तारों के बारे में पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया। एसओ सनी चौधरी ने इस संबंध में जानकारी होने से इन्कार किया है।

## सम्राट अशोक द्वार पर कालिख पोतने वालों की गिरफ्तारी की मांग, सौंपा ज्ञापन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** सम्राट अशोक द्वार पर कालिख पोतने वालों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और मौर्य समाज के लोगों ने मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि सपा विधायक अताउर्रहमान की विधायक निधि से बने महान सम्राट अशोक द्वार पर कुछ असामाजिक तत्वों ने कालिख पोतकर कुकृत्य किया। मामले में केस दर्ज होने के बावजूद अब तक पुलिस ने किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है।

ज्ञापन देने वालों में सतेंद्र मौर्य, महेश कश्यप, अशोक मौर्य, अर्जुन मौर्य, आकाश मौर्य, राजू मौर्य, अजय पाल, वीरेंद्र कुमार, देवेंद्र आदि शामिल रहे। बता दें कि करीब 10 दिन पहले खुराफातियों ने गरीबपुरा रोड पर बने सम्राट अशोक द्वार पर कालिख पोत दी थी।

## दबंगई : खनन माफिया ने राजस्व टीम को घेरा


राजस्व टीम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस। • अमृत विचार

संवाददाता, फरीदपुर

- ट्रैक्टर से चाबी निकाल ली तेल भी बंद कर दिया
- टीम ने नवादा वन में अवैध खनन पर मारा था छापा

**अमृत विचार :** राजस्व टीम ने गांव नवादा वन में अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी तो खनन माफिया ने रास्ते में घेर लिया। ट्रैक्टर की चाबी निकालकर टीम पर कार्रवाई न करने का दबाव बनाया। पुलिस के आने पर खानन माफिया वहां से हटे। ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया गया है। मामले की रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गई है।

बुधवार को तहसीलदार प्रशांत अवस्थी को सूचना मिली कि ग्राम नवादा वन में अवैध खनन हो रहा है। तहसीलदार ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजा। लेखपाल शिवम सक्सेना ने बताया कि उनके पहुंचते ही खनन माफिया ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गए। वह अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली थाने ला रहे थे, तभी एन एच-30 पर खनन माफिया ने ट्रैक्टर रोककर उसकी चाबी निकाली ली। माफिया अपने साथियों को वहां बुला लिया। माफिया राजस्व टीम पर कार्रवाई न करने का दबाव बनाने लगे। इतना ही नहीं ट्रैक्टर का तेल भी बंद कर दिया, ताकि वह स्टार्ट न हो सके। इस पर टीम ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने चाबी मांगी मगर खनन माफिया ने नहीं दी। पुलिस ट्रैक्टर ट्राली किसी तरह थाना लाई। तहसीलदार प्रशांत अवस्थी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली सीज कर दी गई है।

## शव का अंतिम संस्कार नहीं किया

**फरीदपुर, अमृत विचार :** देर शाम पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शीलेंद्र का शव परिजनों को सौंप दिया, मगर घरवालों ने अंतिम संस्कार नहीं किया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। दरअसल, मंगलवार को गांव बंजरिया इलाका जेड निवासी शीलेंद्र का शव खेत में पेड़ से लटका मिला था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हाईवे पर जाम लगाने की कोशिश की थी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने में देर हो गई है। सूर्यास्त के बाद अंतिम संस्कार नहीं करते हैं। ऐसा शीलेंद्र के परिजनों ने बताया है। हालांकि, मृतक के परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार न करने की बात कह रहे हैं। फिलहाल, समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया था।

## न्यूज डायरी



### मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित

**देवरनियां, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केन्द्र (बीआरसी) रिछा में बीईओ जगदीश कुमार के निर्देशन में बुधवार को मेडिकल असेसमेंट कैम्प का आयोजन हुआ, जिसमें दिव्यांग बच्चों के प्रमाणपत्र बनाए गए। स्पेशल एजुकेटर अवधेश बहादुर को देखरेख में कैंप संपन्न हुआ। आर्थो सर्जन डॉ. पीयूष सारस्वत, नेत्र सर्जन डॉ. शेर अली, ईएनटी डॉ. एल के सक्सेना, डॉ. आकांक्षा अग्रवाल आदि ने दिव्यांग बच्चों का असेसमेंट कर दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए। मोहम्मद इमरान खान, सुधीर राजपूत, अनुज गंगवार, राहुल आदि मौजूद रहे।



### अभिभावकों की काउंसलिंग की

**रिठौरा, अमृत विचार :** समग्र शिक्षा के तहत बुधवार को प्राथमिक विद्यालय लालपुर के सभागार में दिव्यांग छात्रों के अभिभावकों की काउंसलिंग की गई। जिसका उद्देश्य शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका को और मजबूत करना था। काउंसलिंग में विकास खंड बिथरी चैनपुर के अभिभावकों ने भाग लिया। जिसमें बच्चों के शैक्षणिक विकास, उनकी समस्याओं और उनके बेहतर भविष्य के लिए पेरेंट्स की जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बिथरी चैनपुर विजय कुमार सिंह ने की। स्पेशल एजुकेटर्स इंतजार हुसैन आदि मौजूद रहे।



### ताइक्वांडो में मोहम्मद हैदर को गोल्ड

**सेंथल, अमृत विचार :** कस्बे के मोहम्मद हैदर ने जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल यूथ सेंटर लखनऊ में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया। कस्बा निवासी रहीस हैदर के पुत्र मोहम्मद हैदर जिला व प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीत चुके हैं। कस्बे में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहीं खंडेलवाल कॉलेज में भी उन्हें सम्मानित किया। चेयरमैन कम्बर एजाज शानू, परवाज खान आदि ने उन्हें बधाई दी है।



### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओर से बुधवार को बिथरी सीएचसी पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत पटेल ने किया। एमओआईसी डॉ. उत्तरा शर्मा, स्वास्थ्य कर्मी शिवम सिंह, राजू खान के साथ दो पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 6 लोगों ने रक्तदान किया। पैथोलोजिस्ट डॉ. अमित दिनकर ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र सौंपे गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
7906732664, 8445507002

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अनिल कुमार उसकी पत्नी तारावती के गलत व्यवहार और कृत्यों के चलते दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, दोनों अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। **पोपराज पुत्र झांझन लाल ग्राम परोथी नवाबगंज बरेली।**

**सूचना**

मैंने वर्ष 2009 में इन्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिसका सीरियल नं. 0719978 तथा अनुक्रमांक 0571636 है जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **संजना मौर्य पत्नी श्री रीतराम नि. ग्राम अटकोना पो. वाहनपुर जिला पीलीभीत**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मो. अख़लाक़ रज़ा व उसकी पत्नी तरन्नुम बी को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **श्रीमती मुखतरी बेगम पत्नी मेंहदी हसन निवासी-ग्राम इटौआ केदारनाथ, बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी बड़ी पुत्री लक्ष्मी पत्नी सूरजपाल व छोटी पुत्री प्रियंका को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी। मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **भजन लाल पुत्र स्व. हर प्रसाद निवासी ग्राम उमरसिया थाना कैन्ट, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल में डिजिटल ठगी के बारे में बताया

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को पुलिस कर्मियों ने लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में क्षेत्राधिकारी शाहबाद द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जागरूक किया। डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी के बारे में छात्र एवं छात्राओं जागरूक किया। साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं इनसे बचाव के लिए जागरूक करते हुए विभिन्न तरह से की जाने वाली साइबर अपराध की घटना, फ्यूचर के करियर ऑप्शन के बारे में बताया।

### नहाते समय बना ली युवती की वीडियो

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर पंचायत ढकिया में एक मनचले ने बाथरूम में नहाते हुए युवती की वीडियो बना ली। विरोध करने पर युवती के परिजनों को मारा पीटा और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। नगर निवासी 20 वर्षीया युवती बाथरूम में नहा रही थी तभी पड़ोसी युवक ने शौचालय के रोशनदान में मोबाइल चालू कर रख दिया, जिसमें सारी गतिविधियां कैद हो गई, अचानक युवती की नजर मोबाइल पर पड़ गई। युवती ने जानकारी परिजनों को दी। उन्होंने वीडियो डिलीट करने को कहा तो वह मारपीट करने लगा।

### युवक ने निगला जहर हालत नाजुक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के गांव ईश्वरा में मंगलवार रात एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सभी परिजनों ने उसे तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी अनुज ने रात करीब 8:30 बजे किसी बात को लेकर घर पर जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए अनुज को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### दुकानदार पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** मोहल्ला मीर खां बाबर नगर निवासी मुजफ्फर खान ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी दुकान सिंधौली चौराहे के पास है। मंगलवार को उन्होंने परमेंद्र निवासी ग्राम सहसा से टेंपो उनकी दुकान से आगे खड़ा करने को कहा। इसपर परमेंद्र आग बबूला हो गया। दोपहर में परमेंद्र ने साथियों के साथ उसपर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला के कुंडल खींचे

## आंवला रामनगर रोड पर वारदात, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** मीरगंज के बाद अब आंवला-रामनगर रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने महिला के कुंडल खींच लिए। इस दौरान महिला का कान जख्मी हो गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

सिरौली के गांव गनेशपुर निवासी नेमवती पत्नी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि वह बुधवार को बेटे के साथ बाइक से आंवला के गांव देवकोला रम्पुरा गांव में ननद के घर जा रही थीं। सुबह 11:30 बजे रामनगर आंवला मार्ग पर मऊचंदपुर से पहले काले रंग की बिना नंबर वाली बाइक पर सवार दो लोग पीछे से आए और कान से कुंडल खींचकर भाग गए। जिससे कान जख्मी हो गया। बेटे ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने चोरों को तलाशने का



पीड़िता नेमवती।

- बेटे के साथ ननद के घर जा रही थी महिला, दी तहरीर

प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली। घायल महिला को अस्पताल भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। महिला के पति देवेन्द्र कुमार ने बताया कि उन्होंने रामनगर चौकी पर शिकायत की है। सीओ नितिन कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटनास्थल के आसपास लगे कैमरे की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। एक दो फुटेज में कुछ संदिग्ध लोग नजर आए हैं। सर्विलांस टीम को लगाया गया है। शीघ्र घटना का राजफाश किया जाएगा। बता दें कि एक दिन पहले मीरगंज में बाइक सवार बदमाशों ने महिला के कुंडल खींच लिए थे। बाइक से गिरकर महिला गंभीर घायल हो गई थी।

### दो जवानों के मकान में चोरी

**फरीदपुर, अमृत विचार :** चोरों ने मंगलवार रात हाईवे किनारे स्थित ओम रेजिडेंसी में दो जवानों के घरों को निशाना बनाया। चोर घरों का ताला तोड़कर सामान समेटकर ले गए। सेना के जवान राजकुमार राठौर और मनोज कुमार का ओम रेजिडेंसी में मकान है। दोनों के घरों में ताले पड़े थे। राजकुमार के रिश्तेदार बुधवार को ओम रेजिडेंसी पहुंचे तो देखा उनके मकान के ताले टूटे हुए थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मनोज के मकान का भी ताला टूटा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मामले में अभी तक तहरीर नहीं दी गई है।

## राइस मिलों की पैमाइश हुई शुरू

**देवरनियां, अमृत विचार :** कई बार नोटिस देने के बावजूद राइस मिल मालिकों ने कारपेट एरिया और कुल क्षेत्रफल की जानकारी धौराटांडा नगर पंचायत कार्यालय को नहीं दी है। इस पर बुधवार को गठित कमेटी ने राइस मिलों की पैमाइश शुरू की।

अधिशासी अधिकारी संदीप चंद्रा ने बताया कि क्षेत्र के सभी राइस मिल मालिकों को पहले नोटिस जारी कर कारपेट एरिया और कुल क्षेत्रफल का ब्योरा दाखिल करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन किसी भी मिल मालिक ने जवाब दाखिल नहीं किया। दूसरा नोटिस भी जारी किया गया। फिर भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। शिकायत पर एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित कर पैमाइश कराने के आदेश दिए। बुधवार को नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी, राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार सक्सेना, लेखपाल भुवनेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी संदीप चंद्रा व संग्रह अमीन प्रेमराज ने पैमाइश शुरू कर दी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अब तक दो राइस मिलों की पैमाइश पूरी कर ली गई है। सभी राइस मिलों की पैमाइश का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

## सेंथल में उठा जुलूस-ए-अलम शबीहे ताबूत की हुई जियारत



सेंथल में जुलूस में नौहा पढ़ती अंजुमन। ● अमृत विचार

संवाददाता, सेंथल

**अमृत विचार :** हजरत इमाम हुसैन की याद में चल रही अजादारी के क्रम में अंजुमन हैदरी के नेतृत्व में दो दिवसीय आजाए हुसैन का आयोजन हुआ। मोहल्ला चौधरी चौक में ख्यामे हुसैनी सजाकर कर्बला का मंजर पेश किया गया।

पहली मजलिस सोमवार रात मोहल्ला नीमवालान के टीले पर आयोजित की गई। जिसको मौलाना कल्बे रुशैद ने खिताब किया। दूसरे दिन आयोजित मजलिस को मौलाना डॉ. अब्बास रजा नय्यर जलालपुरी ने खिताब करते हुए हजरत इमाम हुसैन की शहादत को बयान किया। मजलिस के बाद अंजुमन हैदरी के नेतृत्व में कदीमी जुलूस-ए-अलम उठा। जुलूस के गदीर चौक व मौहल्ला नीमवालान के टीले पर पहुंचने पर अंजुमन सिपाहे हुसैनी भनौली सादात, अंजुमन आजाए हुसैनी जलालपुर, अंजुमन पंजेतनी सुल्तानपुर, अंजुमन बहारे अजा जरेली ने नौहाख्वानी की। जुलूस के मोहल्ला चौधरी पहुंचने पर ख्यामे हुसैनी में मौलाना अब्बास रजा नय्यर ने तकरीर कर कर्बला का मंजर पेश किया। जिसे सुन अजादारों की आंखे नम हो गईं। आखिर में अंजुमन हैदरी द्वारा 18 बनी हाशिम के शबीहे ताबूत की जियारत कराई गई।

## भुगतान न करने पर केसर चीनी मिल की जमीन होगी नीलाम

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गन्ना किसानों का भुगतान न करने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए केसर चीनी मिल की गांव मुड़िया मुकर्रमपुर स्थित कुर्क जमीन को नीलाम करने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने नोटिस जारी कर नीलामी की तिथि 15 सितंबर तय की है। नायब तहसीलदार सुधीर चौधरी ने बताया कि केसर चीनी मिल पर पिछले सत्र का किसानों का कई सौ करोड़ रुपये का भुगतान बकाया है। प्रशासन और शासन स्तर से कई बार आदेश जारी होने के बावजूद किसानों को उनकी गन्ने की कीमत नहीं दी गई। गन्ना विभाग ने वसूली के लिए तहसील प्रशासन को मांग पत्र भेजा था। इसके आधार पर प्रशासन ने चीनी मिल प्रबंधन को आरसी जारी की। इसके बाद भी किसानों का भुगतान नहीं होने पर मिल की जमीन को कुर्क करने की कार्रवाई अमल में लाई गई। अब नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नोटिस गन्ना विभाग ने वसूली के लिए तहसील प्रशासन को भेजा था। केसर चीनी मिल के अध्यक्ष शरत मिश्र ने कहा कि प्रशासन अपनी प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। जब नीलामी में जमीन की स्थिति सामने आएगी तो वह उचित विरोध दर्ज कराएंगे।

## कस्तूरबा स्कूल की पहली मंजिल से गिरकर छात्रा घायल

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव सिंधौली स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की पहली मंजिल से गिरकर छात्रा घायल हो गई। गांव मनकरा निवासी सुषमा (12) कस्तूरबा विद्यालय में कक्षा छह में पढ़ती है। बुधवार को वह विद्यालय की पहली मंजिल पर कपड़े सुखाने गई थी। बताते हैं कि छात्रा तार पकड़कर छत से नीचे झांक रही थी। तभी वह गिर गई। स्टाफ ने तुरंत सूचना छात्रा के परिजनों को दी। छात्रा के पिता गेंदनलाल और माता कंचन विद्यालय पहुंचे। वे तुरंत बेटी को लेकर सीएचसी आए। डॉक्टरों ने घायल छात्रा का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद परिजन छात्रा को निजी अस्पताल में ले गए। वार्डन नीरज यादव ने बताया कि हादसे के तुरंत



अस्पताल में भर्ती छात्रा के साथ परिजन।

बाद छात्रा को अस्पताल ले गए। बीईओ अवनीश प्रताप ने बताया कि पैर फिसलने के कारण छात्रा के गिरने की सूचना मिली थी। इस संबंध में वार्डन से जानकारी ली गई है।

## जैतीपुर में खेत पर पशु चराने गए बुजुर्ग की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव भुडिया में पशु चराने गए एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने खेत से शव बरामद कर घर लाया।

गांव निवासी मनोज कुमार सिंह ने बताया उनके पिता हरी सिंह (55) रोज की तरह सुबह 11 बजे पशु चराने के लिए खेत पर गए थे। दोपहर का खाना खाने के लिए वे घर नहीं लौटे। शाम करीब 4 बजे परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। जब परिजन खेत की ओर पहुंचे तो यूकेलिप्टिस के पेड़ों के पास वे मृत अवस्था में पड़े मिले। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सभी ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और परिवारजनों को बताया। परिजनों ने शव को घर ले आए।

मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है।

# सांस्कृतिक केंद्र में टैलेंट हंट ऑडिशन का आयोजन

- रुविवि में नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र में टैलेंट हंट ऑडिशन 2025 का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेकर अपने हुनर को प्रदर्शित किया। एकल, युगल और समूह नृत्य, ड्रामा, एकल, युगल और समूह गायन, बांसुरी वादन, फोटोग्राफी, नुक्कड़ नाटक, हस्तकला, गजल, उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी भाषा में स्वरचित, कविता पाठ, पोस्टर, पेंटिंग, मेंहदी, रंगोली, भाषण, वाद-विवाद, प्रबंधन, एंकरिंग, कैंडल मेकिंग, कोलाज आदि में 170 से अधिक विद्यार्थियों ने ऑडिशन दिया।



रुविवि में टैलेंट ऑडिशन में शामिल विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। ● अमृत विचार

अदिति, भारती, लारा साक्षी, वैष्णवी, संगीता, दिव्यांशु, प्राची, अमिता, अशरफ, संजीव, ट्विंकल कुशाग्र, प्रशांत, मालिनी, रिद्धिमा, रोहन, समृद्धि, निहारिका, प्रियम, संजू, प्रज्ञा, हर्षित वर्मा, सौरभ, सिद्धार्थ, हर्षित सिंह ने गीत, संगीत, कविता, नृत्य, एक्टिंग, एंकरिंग, गजल आदि की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। पीयूष, महक फातिमा, सौरभ ने मंच संचालन, भारती ने पेंटिंग और कलात्मकता, महक सिंह ने फोटोग्राफी, अंजली, अमन, दिव्यांशी, दीक्षा, आरती, कशिश, प्रियम, शिखा, सुनीता, सत्या, प्रियंका ने मेंहदी, साक्षी, सचिन, गौरी ने पेंटिंग, पीयूष आदि ने अलग-अलग विधाओं में अपनी कौशल की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय ने बताया कि नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सांस्कृतिक केंद्र से जोड़ने और उनके सांस्कृतिक कौशल और प्रतिभा प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए की यह सृजनात्मक पहल है। कुलपति प्रो. केपी सिंह की प्रेरणा से सत्र पर्यंत सांस्कृतिक केंद्र की ओर से टैलेंट हंट ऑडिशंस एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। ऑडिशन के आयोजन में पंखुड़ी कंचन, दीपांशु दीप, पीयूष, श्रेय रस्तोगी, दीपांशी, मेधावी, महक, साक्षी, रोहन, अंकिता, संजू, आदर्श, अथर्व, अनुश्री, अश्मित, अशरफ, माही, आर्यन आदि का सहयोग रहा।

## सिटी डायरी



### अल्मा मातेर में इंटर स्कूल कला प्रतियोगिता हुई

**बरेली, अमृत विचार :** कुर्मांचल नगर स्थित अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल में द्वितीय ब्रश स्ट्रोक ऑफ ब्रिलियंस इंटर हाउस कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें शहर के विभिन्न स्कूल शामिल हुए। प्रतियोगिता चार वर्गों में संपन्न हुई। ग्रुप-ए किंडरगार्टन, ग्रुप-बी कक्षा 1 से 2, ग्रुप- सी कक्षा 3 से 5, ग्रुप डी कक्षा 6 से 8 से रहा। प्रतियोगिता में ग्रुप ए में बच्चों को पहले से बने हुए चित्र में रंग भरना था। ग्रुप बी के विषय एक पेड़ मां के नाम और आकाशगंगा की रोमांचक यात्रा, ग्रुप सी के रिन्युअल एनर्जी, एस्ट्रोनॉट्स एडवेंचर, ग्रुप डी के इन्नोवेटिव इंडिया, सिंदूर आर्ट क्रांति और ए आई एंड सोसाइटी रहे। विद्यालय के निदेशक प्रत्यक्ष ढींगरा और क्रिएटिव डायरेक्टर पारूल ढींगरा ने प्रत्येक ग्रुप को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार दिया। किंडरगार्टन के प्रत्येक प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार दिया गया। ओवरऑल विजेता ट्रॉफी सोबतीस पब्लिक स्कूल के नाम रही। प्रतियोगिता का निर्णय पेरेंटिंग कोच आंचल जिंदल ने किया।



### रुविवि में रैगिंग की रोकथाम के लिए छात्रों को किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में रैगिंग की रोकथाम के लिए कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सीएसआईटी विभाग में चीफ प्रॉक्टर प्रो. रविंद्र कुमार ने एंटी रैगिंग इंफार्मेशन के संबंध में लेक्चर का आयोजन किया। उन्होंने सीनियर और जूनियर छात्रों को मिलकर रहने को कहा। उन्होंने रैगिंग के संबंध में सख्त नियमों की जानकार दी। उन्होंने कहा कि रैगिंग करने वाले छात्रों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों का फोकस पढ़ाई पर होना चाहिए। सीनियर छात्रों को जूनियर की पढ़ाई में मदद करनी चाहिए।



### पीएनबी नवाबगंज में जन सुरक्षा अभियान का किया आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय बरेली के उपमंडल प्रमुख रोमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में जन सुरक्षा अभियान का आयोजन नवाबगंज शाखा के सहयोग से किया गया। कैम्प में बैंक मित्रों ने अपने-अपने क्षेत्र के ऐसे लगभग 100 लोगों का सामाजिक सुरक्षा योजना में नामांकन किया, जिनका अभी तक सामाजिक सुरक्षा योजना में कोई बीमा नहीं हुआ था। उप मंडल प्रमुख ने कैंप में मौजूद ग्रामीणों को भारत सरकार की जनसुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और शाखा प्रमुख को निर्देशित किया कि इस प्रकार के और भी कैम्प आयोजित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों का सामाजिक सुरक्षा योजना में नामांकन किया जा सके और सभी पात्र ग्राहकों का री-केवाईसी किया जा सके। इस अवसर पर रोहितेश कुमार जैसवार, सहायक विकास अधिकारी उद्योग सेवा व्यवसाय, नवाबगंज एवं मंडल कार्यालय से वरुण कंसल प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

# डीआरएम ने स्टेशन पर निर्माण कार्यों का जाना हाल

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य ने अधिकारियों के साथ बुधवार को स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत किए जा रहे निर्माण और विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।

डीआरएम विशेष ट्रेन से अपराह्न 3:40 बजे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने मुख्य द्वार पर योजना के तहत होने वाले कार्यों को जाना और मंदिर की व्यवस्था देखी। उन्होंने कार्यों की ड्राइंग देखकर उसके बारे में जानकारी ली। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता को ध्यान में रखने के निर्देश दिए। कुछ समय रुकने के बाद वह बरेली के लिए रवाना हो गए। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक परितोष गौतम, सुशील कुमार, आदित्य गुप्ता, आशीष



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम संग्रह मौर्य। ● अमृत विचार

सिंह, जन्मेजय उपाध्याय, अभिषेक चौधरी, ऋषभ दत्त आदि मौजूद रहे।

**चार दिन से पानी को तरस रहे यात्री :** स्टेशन पर टंकी की टोंटियों में पानी नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चार दिन से स्टेशन पर पानी नहीं आ रहा है। फ्रिजर की मशीन भी खराब है। यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। स्टेशन अधीक्षक नीरज राय ने बताया कि पाइप लाइन में कुछ कमी आने से चार दिन से पानी नहीं आ पा रहा है। जिसे ठीक कराया जा रहा है।

**फुट ओवरब्रिज व प्लेटफार्म से जुड़ा कार्य होगा :** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में फुट ओवरब्रिज बनाने और प्लेटफार्म संख्या दो को प्लेटफार्म संख्या एक की भांति करने का काम होना है। जिसकी अनुमानत लागत 5 करोड़ रुपये है। स्टेशन के कायाकल्प के लिए अभी टेंडर नहीं हुआ है। टेंडर होने के बाद ही कार्य शुरू होगा। स्टेशन अधीक्षक नीरज राय के अनुसार अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन के कार्य को दो भागों में बांटा गया है। पहले चरण में फुट ओवरब्रिज बनाने और हाई लेवल प्लेटफार्म का निर्माण शामिल है। दूसरे चरण के कार्य का अभी टेंडर नहीं हुआ है।

### पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस के नहीं मिलते हैं जनरल टिकट

पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस के जनरल टिकट स्टेशन पर न मिलने से यात्रियों में रोष है। व्यापारी नेता सुनील गुप्ता का कहना है कि इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि स्टेशन पर जनरल टिकट मिलने की सुविधा नहीं है। टिकट दो से तीन दिन पहले बुक कराए जा सकते हैं।

## धर्म परिवर्तन की धमकी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि मोहल्ले का ही रहने वाला अमन सिद्दकी उसकी बेटी को पिछले परेशान का रहा था। उसको लगातार धमकी दे रहा था कि वह उसको उठाकर ले जाएगा। उसके बाद धर्म परिवर्तन कराकर उससे जबरन शादी करेगा। जिसके बाद से महिला काफी परेशान चल रही है। युवक कई बार उसके घर में घुस चुका है। इससे पहले भी आरोपी युवक अन्य कई लड़कियों के साथ ऐसा कर चुका है। आरोप है कि 26 अगस्त को आरोपी ने लड़की को रास्ते में रोककर उससे तमंचे के बल पर अश्लील हरकतें की। युवती पर शादी करने का दबाव बनाया। पीड़िता उसके बाद किसी तरह से घर आ गई। जहां उसने सारा मामला मां को बताया। उसके बाद महिला बेटी को थाने ले गई। उसने मामला पुलिस को बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## अब संवदेनशील गांवों में शिविर लगाने की आई याद

**बरेली, अमृत विचार:** जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या 1400 के पार पहुंच गई है। मीरगंज ब्लॉक शुरू से ही संवदेनशील चल रहा है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से मीरगंज के उन गांवों में शिविर लगाए गए जहां पांच से अधिक मलेरिया के मरीज सामने आए।

यहां बुखार रोगियों की जांच की गई तो 34 नए मरीज मलेरिया से ग्रसित मिले। ऐसे में अब सीएमओ ने मलेरिया प्रभावित गांवों में शिविर लगाकर मरीजों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश मलेरिया विभाग को दिए हैं। जिले में 50 से अधिक ऐसे गांव में जहां पांच से अधिक मलेरिया के मरीज सामने आ चुके हैं। इनमें मीरगंज और मझगवां के गांवों की संख्या अधिक है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मलेरिया प्रभावित गांवों में शिविर लगाए जाएंगे।

## शिक्षक जितेंद्र सिंह राज्य पुरस्कार के लिए चयनित

**बरेली, अमृत विचार :** भुता के फैजनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक जितेंद्र सिंह का चयन उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य पुरस्कार के लिए किया गया है। यह पुरस्कार शिक्षक दिवस पर उन्हें प्रदेश के अन्य शिक्षकों के साथ दिया जाएगा। जितेंद्र के चयन में छात्रों को उनके द्वारा छात्रवृत्ति के लिए पढ़ाना बड़ी वजह रहा। उन्होंने बताया पिछले पांच साल में उनके पढ़ाए 30 बच्चों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति प्राप्त की है। इसके अलावा वे ब्लाक स्काउट मास्टर भी हैं, उन्होंने हिमालय वुड बैज में सीनियर का कोर्स किया है, जिसे वह विद्यालय में अनुशासन के लिए इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने बताया बच्चों का एक स्काउट दल शहीद भगत सिंह दल नाम से



शिक्षक जितेंद्र।


बनाया है। जो अनुशासन समेत हर एक्टिविटी सुनियोजित तरीके से करने में सहायता करते हैं। एसएसटी और इंग्लिश पढ़ाते हैं। एमसीक्यू भी पढ़ाते हैं। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित प्रतियोगिता में 11 बच्चे चयनित हुए। सामुदायिक सहयोग से विद्यालय में कंप्यूटर लैब स्थापित की। उच्च प्राथमिक विद्यालय की सूची में नामांकन संख्या भी जिले में दूसरे स्थान पर है। वर्तमान में 451 छात्र पंजीकृत हैं।

## हत्या में पति को आजीवन कारावास

- चार साल पहले पति ने हत्या कर खेत में दबा दी थी पत्नी की लाश

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिले के छजलैट थाना क्षेत्र में चार साल पहले हुई महिला की हत्या के मामले में एडीजे-9 अरुण कुमार तृतीय की अदालत ने मृतका के पति को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

थाना छजलैट में बीती 30 जून 2021 को निधि गांव निवासी ऋषिपाल सिंह ने केस दर्ज कराया था। जिसमें ऋषिपाल ने बताया कि संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के कमालपुर निवासी काले उर्फ कल्लू उर्फ कल्याण उनके घर कृषि कार्य करने आया था। वह अपनी पत्नी पूजा और बच्चों के साथ उनके घर ही रहता था और कृषि कार्य करता था।

श्रद्धांजलि/रस्म पगड़ी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है की हमारे पूजनीय पिताजी श्री देशराज बाँगा जी का स्वर्गवास मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को हो गया है जिनकी श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी दिनांक - 28.08.25 (गुरुवार) को दोपहर 2 से 3 बजे होगी स्थान - श्री बाँके बिहारी मंदिर, राजेन्द्र नगर, बरेली

शोकाकुल परिवार - राम शरण बाँगा (भाई), विजय-अंजू बाँगा, महेश-श्वेता बाँगा (पुत्र-पुत्रवधू), ममता-गुलशन विरमानी (पुत्री-दामाद), गौरव-ज्योति बाँगा (पोत्र-पोत्रवधू), हर्षित, कुश, यश, ग्रन्थ बाँगा (पोत्र) एवं समस्त बाँगा परिवार।

प्रतिष्ठान - वी. के. टेक्सटाइल्स, हर्षित इलेक्ट्रिकल्स, बरेली।

मो. 9927722255, 9927722231


भारी बारिश से तबाही के बाद अपने घरों को संभालने में लगे लोग।


बाढ़ग्रस्त इलाके में फंसे तमाम लोगों को वायुसेना ने हेलीकॉप्टर से निकाला।


जम्मू के बाढ़ग्रस्त इलाके में मलबे के बीच पड़ी एक क्षतिग्रस्त कार।


उधमपुर में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पुल के क्षतिग्रस्त अवशेष।

# वैष्णो देवी : बचे हुए लोग अपनों की तलाश में बेचैन

## अनिश्चितता के बीच आधार शिविर अस्पताल और कटरा सहायता केंद्र पर इकट्ठे हैं लापता लोगों के परिजन

**कटरा, एजेंसी**

माता वैष्णो देवी मंदिर के रास्ते में हुए विनाशकारी भूस्खलन के बाद श्रद्धालुओं के जयकारों की जगह अपनों की तलाश में भटकते कदमों ने ले ली है। इस भूस्खलन में अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है। आधार शिविर, अस्पताल और सहायता केंद्र कटरा में बढ़ती अनिश्चितता के केंद्र बन गए हैं, क्योंकि पीड़ित परिवार दर-दर भटक रहे हैं। उन्हें अब भी उम्मीद है कि उनके लापता परिजन जीवित बचे लोगों में शामिल होंगे।

यह आपदा व्यस्त अर्धकुंवारी मार्ग पर आई, जो तीर्थयात्रा मार्ग के बीचों-बीच स्थित है, जहां एक भीड़भाड़ वाला विश्राम स्थल चट्टानों और मलबे की चपेट में आकर नष्ट हो गया। शुभम साहू और उनकी टीम के लिए यह हादसा एक डरावना अनुभव रहा। लौटते समय अचानक जमीन धंस गई और उनकी 11 सदस्यीय टीम के तीन लोग अब तक नहीं मिले हैं। कटरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर उन्होंने रुंधे गले से कहा, कुछ लोग अब भी लापता हैं।

संकट के दृश्य पूरे शहर में दिखाई दे रहे हैं। पंजाब के सुभाष अपने समूह के चार सदस्यों की तलाश कर रहे हैं, जो भूस्खलन के बाद से अचानक गायब हो गए थे। उन्होंने कहा, हो सकता है कि उन्होंने कहीं शरण ली हो, लेकिन उन्हें अब तक लौट आना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस भयावह संभावना को नकार नहीं पा रहे थे कि कुछ और भयावह हुआ है। भूस्खलन में अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है और 20 घायल हुए हैं। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचल बल (एसडीआरएफ), पुलिस और श्रीमाता वैष्णोदेवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) टीम सहित बचाव दल मलबे को हटाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, जिससे ऊपरी लोहे का ढांचा और विश्राम शेड गिर गए।


अनंतनाग में भारी बारिश के कारण अरु-पहलगाम पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद जारी मरम्मत का काम। एजेंसी

### मां वैष्णो देवी यात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

फिलहाल माता वैष्णो देवी की यात्रा अब अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों से मौसम ठीक होने पर अपनी यात्रा की योजना फिर से बनाने का आग्रह किया है। हालांकि कई तीर्थयात्री तय नहीं कर पा रहे थे कि यात्रा के फिर शुरू होने का इंतजार करें या घर लौट जाएं। हरिद्वार से 24 अन्य लोगों के साथ आई दीपा ने कहा, मंगलवार शाम को हम कटरा पहुंचे तो मौसम बहुत खराब था। बिजली नहीं थी और यात्रा के लिए पंजीकरण काउंटर भी बंद था। उन्होंने कहा कि वे अंतिम निर्णय लेने से पहले कुछ दिन इंतजार करेंगी। दिल्ली निवासी नैना ने कहा कि उन्होंने मंदिर में दर्शन के लिए हेलीकॉप्टर टिकट बुक कर लिए थे, लेकिन हादसे ने सब कुछ रोक दिया है। उन्होंने कहा, फिलहाल मंदिर जाना बहुत जोखिम भरा है। कटरा और जम्मू के बीच ट्रेन सेवा भी स्थगित है।

### जिला जज नाव से पहुंचे कोर्ट

**श्रीनगर।** भारी बारिश से अनंतनाग जिला अदालत परिसर में जलभराव होने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश ताहिर खुर्शीद रैना नौका से कोर्ट पहुंचे और अधिकारियों को न्यायिक दस्तावेजों की हिफाजत करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश रैना ने स्थिति का जायजा लेने के लिए नाव से अदालत जाने का फैसला किया। इमारत के भूतल में घुस आए बाढ़ के पानी से विचलित हुए बिना न्यायाधीश ने अदालत परिसर का दौरा किया।

### वायुसेना ने हेलीकॉप्टरों से बाढ़ग्रस्त इलाकों से 90 लोगों को सुरक्षित निकाला

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने बुधवार को जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्यों के लिए छह एमआई-17 और एक चिनूक हेलीकॉप्टर को सेवा में लगाया। शाम तक 90 लोगों को बचा लिया गया था, जिनमें से कुछ भारतीय सेना के जवान भी हैं। इससे पूर्व दिन में राहत और बचाव सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना का एक सी-130 परिवहन विमान बुधवार को माता वैष्णो देवी तीर्थस्थल मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास हुए भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जम्मू पहुंचा। दोनों हेलीकॉप्टरों ने गाजियाबाद के हिंडन वायुसेना स्टेशन से 124 कर्मियों और 22 टन राहत सामग्री को हवाई मार्ग से पहुंचाया। इसके अलावा, चिनूक और एमआई-17 वी5 जैसे हेलीकॉप्टर जम्मू, उधमपुर, श्रीनगर और पठानकोट के आसपास के वायुसेना अड्डों पर बिल्कुल तैयार स्थिति में रखे गए हैं।


राहत कार्य में लगा वायुसेना का हेलीकॉप्टर।

### श्रद्धालुओं की भीड़ से भरा रहता है अर्द्धकुंवारी

पहाड़ी पर स्थित मंदिर तक जाने वाले 12 किलोमीटर के घुमावदार रास्ते में लगभग आधे रास्ते पर स्थित अर्धकुंवारी हमेशा श्रद्धालुओं से भरा रहता है, जो मंदिर जाते या आधार शिविर, कटरा लौटते समय इंद्रप्रस्थ भोजनालय में विश्राम करते या भोजन का आनंद लेते थे। मंदिर तक जाने के दो रास्ते हैं, मंगलवार सुबह यात्रा हिमकोटि ट्रेक मार्ग पर रोक दी गई थी, लेकिन दोपहर 1.30 बजे तक पुराने रास्ते से जारी रही, जब अधिकारियों ने मूसलाधार बारिश को देखते हुए इसे स्थगित करने का फैसला किया।


अस्पताल में शव लाए जाने के दौरान बिलखती महिला।

## खराब मौसम की चेतावनी के बाद भी श्राइन बोर्ड ने यात्रियों को नहीं रोका

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नियंत्रण वाले वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के उस फैसले पर सवाल उठाया, जिसमें भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा जारी रखने की अनुमति दी गई थी।

अब्दुल्ला ने पत्रकारों से कहा, मौसम की चेतावनी हमें कुछ दिन पहले ही मिल गई थी। उन्होंने सवाल किया, ये लोग यात्रा मार्ग पर क्यों थे, उन्हें क्यों नहीं रोका गया और सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं ले जाया गया। इस पर बाद में चर्चा होनी चाहिए। हमें लोगों की मौत होने का दुख है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की स्थापना 1986 में जम्मू और कश्मीर श्री माता वैष्णो देवी अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत प्रबंधन के लिए की गई थी। जब जम्मू-कश्मीर एक राज्य था, तब राज्यपाल बोर्ड के पदेन अध्यक्ष थे। वर्ष 2019 में राज्य के पुनर्गठन के बाद, उपराज्यपाल इसके अध्यक्ष हैं। कटरा से मंदिर तक 12 किलोमीटर के घुमावदार रास्ते के बीच में एक स्थान पर भूस्खलन हुआ था। मंदिर तक जाने के दो रास्ते हैं। मंगलवार सुबह से ही हिमकोटि मार्ग पर यात्रा स्थगित कर दी गई थी, लेकिन अपराह्न 1.30 बजे तक यह पुराने मार्ग से जारी थी।

- **मुख्यमंत्री उमर ने उपराज्यपाल के नियंत्रण वाले श्राइन बोर्ड के फैसले पर खड़े किए सवाल**


एक घायल का हाल लेते उपराज्यपाल।

### पहले ही रोक दी थी यात्रा

**जम्मू।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को वैष्णो देवी भूस्खलन में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और कहा कि यह बादल फटने का परिणाम था और जब यह घटना हुई तब तीर्थयात्रा पहले ही स्थगित कर दी गई थी। सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बात की और उन्हें बाढ़ के बाद की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

### स्कूल में फंसे 381 छात्रों, 70 शिक्षकों को बचाया

**गुरदासपुर।** एनडीआरएफ और बीएसएफ की टीमों ने बुधवार को गुरदासपुर जिले के दबुरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में फंसे 381 छात्रों और 70 शिक्षकों को बचाया। ये छात्र स्कूल परिसर और आसपास के इलाकों में बाढ़ के कारण फंसे हुए थे। स्कूल के अंदर 4-5 फुट पानी भर गया। अधिकारियों ने बताया कि छुट्टी की घोषणा के बावजूद बच्चों और कर्मचारियों को घर न भेजने पर प्रधानाध्यापक को नोटिस दिया गया है।

### जम्मू के बाढ़ग्रस्त इलाकों से 5000 लोग बचाए गए

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र में विभिन्न बाढ़ग्रस्त नदियों के किनारों और जलमग्न निचले इलाकों से 5,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, जबकि बचाव एजेंसियां और प्रशासन बाढ़ प्रभावित जम्मू व सांबा जिलों में फंसे लोगों तक पहुंचने के प्रयास में जुटा है।

## आयोग अनाम पार्टियों को सैकड़ों करोड़ के चंदे की जांच करेगा या हलफनामा मांगेगा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात में कुछ अनाम पार्टियों को कथित तौर पर सैकड़ों करोड़ रुपये का चंदा मिलने से जुड़ी खबर का हवाला देते हुए बुधवार को निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या आयोग जांच करेगा या फिर हलफनामा मांगेगा।

राहुल गांधी ने एक हिंदी दैनिक में प्रकाशित खबर का हवाला देते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना, लेकिन उन्हें 4300 करोड़ का चंदा मिला। इन पार्टियों ने बहुत ही कम मौकों पर चुनाव लड़ा है, या उन पर खर्च किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह सवाल भी किया, ये हजारों करोड़ आए कहां से, चला कौन रहा है इन्हें और पैसा गया कहां। राहुल गांधी ने कहा, क्या चुनाव आयोग इसकी जांच करेगा या फिर यहां भी पहले हलफनामा मांगेगा। या फिर कानून ही बदल देगा, ताकि ये डेटा भी छिपाया जा सके। उधर, बिहार में राहुल गांधी ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के 11वें दिन भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा निर्वाचन आयोग पर तीखे हमले जारी रखे और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा का 'गुजरात मॉडल' कोई 'आर्थिक मॉडल' नहीं, बल्कि वोट चोरी का मॉडल है जिसे 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाया गया।



- **गुजरात में कई पार्टियों को 43 सौ करोड़ के चंदे पर उठाए सवाल**

## पटना: स्कूल टॉयलेट में जली हालत में मिली छात्रा ने दम तोड़ा

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के एक सरकारी स्कूल के शौचालय में बुधवार को गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में पाई गई 12 साल की एक बच्ची ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि गर्दनी बाग पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत 'गर्ल्स मिडिल स्कूल' के शौचालय में पांचवीं कक्षा की छात्रा गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में बेहोशी की हालत में पाई गई थी। पटना की पुलिस अधीक्षक (मध्य) दीक्षा ने बताया, पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और लड़की को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि लड़की गंभीर रूप से कैसे जल गई और वह शौचालय कैसे पहुंची। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि लड़की की मौत की खबर मिलने के बाद उसके परिवार के सदस्य स्कूल पहुंचे और कुछ पुलिसकर्मियों पर हमला किया।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय की बात ही क्या की जाए

### जमानत याचिका पर 43 बार सुनवाई स्थगित करने पर नाराज हुआ सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों को स्थगित करने की उच्च न्यायालय की प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए उस आरोपी की जमानत याचिका मंजूर कर ली, जो सीबीआई के कई मामलों में साढ़े तीन साल से अधिक समय से हिरासत में है, तथा उसकी याचिका पर 43 बार स्थगन दिया गया था।

सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने 25 अगस्त को रामनाथ मिश्रा उर्फ रमानाथ मिश्रा की याचिका स्वीकार कर ली और आदेश दिया कि यदि वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे रिहा कर दिया जाए। शीर्ष अदालत ने जमानत याचिकाओं से निपटने में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रवैये की विशेष रूप से आलोचना की और कहा, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के बारे में क्या बात की जाए।

सीजेआई ने कहा, वर्तमान मामले में सुनवाई 43 बार टाली जा चुकी है। हम उच्च न्यायालय द्वारा नागरिक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों को इतनी बार स्थगित करने की प्रवृत्ति को उचित नहीं मानते हैं। हमने बार-बार यह टिप्पणी की है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों पर न्यायालयों को अत्यंत शीघ्रता से विचार करना चाहिए। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि याचिकाकर्ता साढ़े तीन वर्ष से अधिक समय से जेल में है, पीठ ने उसे जमानत देने का निर्णय लिया।

याचिका का विरोध करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस डी संजय ने दलील दी कि जब मामला उच्च न्यायालय में लंबित है तो जमानत देना गलत मिसाल कायम करेगा। शीर्ष अदालत ने आपत्ति खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के लंबे समय तक कारावास में रहने और बार-बार स्थगन के कारण उसके पास हस्तक्षेप के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।



- **साढ़े तीन साल से जेल में बंद आरोपी की जमानत मंजूर की**

## पत्रकार अभिसार की याचिका पर सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पत्रकार अभिसार शर्मा की एक याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने असम सरकार की नीतियों की आलोचना करने के लिए दर्ज की गई प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। शर्मा ने याचिका में बीएनएस की धारा 152 की वैधता को चुनौती दी है जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है। आलोक बरुआ नामक व्यक्ति ने गुवाहाटी अपराध शाखा थाने में शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

इसमें आरोप है कि आठ अगस्त को शर्मा के यूट्यूब चैनल पर अपलोड वीडियो से सांप्रदायिक तनाव और अधिकारियों के बीच अविश्वास पैदा हो सकता है। वीडियो में शर्मा ने गुवाहाटी हाईकोर्ट की उस टिप्पणी का हवाला दिया है जिसमें उसने सवाल किया था कि निजी कंपनी को सीमेंट कारखाना लगाने के लिए आदिवासी बहुल दीमा हसाओ जिले में 3,000 बीघा जमीन क्यों आवंटित की गई।

- **आदिवासियों की जमीन सीमेंट कंपनी को देने पर बनाया था वीडियो**

## कॉलेजियम प्रक्रिया में असहमति पर गौर करने की जरूरत : ओका

**नई दिल्ली।** कॉलेजियम की सिफारिशों पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की कड़ी असहमति के बावजूद दो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को शीर्ष कोर्ट में पदोन्नत किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ए एस ओका ने बुधवार को कहा कि कॉलेजियम में किसी भी असहमति पर गौर किए जाने की जरूरत है। न्यायमूर्ति ओका उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एस मुरलीधर द्वारा संपादित पुस्तक "(इन) कम्प्लीट जस्टिस? द सुप्रीम कोर्ट एट 75" के विमोचन के अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह के एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। ओका ने कहा, यह सवाल बेहद चिंताजनक है, लेकिन मैं कहता रहा हूं कि हमें पारदर्शिता को परिभाषित करना होगा।

## जनशताब्दी को असुरक्षित पटरी पर मोड़ने पर स्टेशन मास्टर, यातायात नियंत्रक निलंबित

**नई दिल्ली।** आगरा रेल मंडल ने दिल्ली जा रही जन शताब्दी एक्सप्रेस को उस पटरी पर मोड़ने को लेकर एक स्टेशन मास्टर और एक यातायात नियंत्रक को मंगलवार को निलंबित कर दिया जिसकी मरम्मत की जा रही थी। इस घटना के बाद सैकड़ों यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई थी।

सूत्रों के अनुसार, ट्रेन के सतर्क चालक दल ने पटरियों का प्रबंधन करने वाले कर्मचारियों द्वारा लगाए गए लाल झंडे को देखा और तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन को उस हिस्से में पहुंचने से पहले ही रोक दिया, जहां मरम्मत की जा रही थी। मंडल की प्रभागीय परिचालन प्रबंधकऔर अधिकृत प्रवक्ता प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि दो कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा यह दो कर्मचारियों की खराब संचालन योजना का मामला है। अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उन्हें जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया गया है।

- **आगरा के छाता स्टेशन के पास की घटना, खतरे में पड़ी सैकड़ों यात्रियों की जान**

## ऑपरेशन सिंदूर और महादेव ने आतंक के आकाओं को कड़ा संदेश दिया: शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को स्पष्ट संदेश दिया कि भारतीय नागरिकों को निशाना बनाने पर उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से लोगों को जहां संतुष्टि मिली वहीं ऑपरेशन महादेव ने इस संतुष्टि को आत्मविश्वास में बदला।

गृह मंत्री ने यह बात सेना के उन 12 जवानों को सम्मानित करते हुए कही, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया। इस अभियान में शामिल जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो-दो जवानों को भी सम्मानित किया गया। ये दोनों अभियान 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर हमले का सीधा जवाब थे, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे।

गृह मंत्री ने कहा, चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव को लेकर खुशी एवं उत्साह महसूस किया और सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति यही विश्वास हर क्षेत्र में दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की भारत की आकांक्षा का आधार है। सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में मई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों एवं सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था।

पहलगाम नरसंहार के तुरंत बाद शुरू किये गए ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को तब सफल मिली, जब सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो ने मुख्य साजिशकर्ता सुलेमान उर्फ आसिफ और उसके दो सहयोगियों जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया। यह अभियान तब शुरू किया गया जब तकनीकी सिग्नल से पता चला कि अपराधियों ने सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल किया है।




- **जम्मू-कश्मीर और सीआरपीएफ के दो-दो जवान किए सम्मानित**

संबोधन | संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर आयोजित व्याख्यानमाला में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने की स्वदेशी की पैरवी

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, दबाव में नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने आत्मनिर्भरता की जोरदार पैरोकारी करते हुए बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, दबाव में नहीं। आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा पर एक व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि आत्मनिर्भरता सभी समस्याओं का समाधान है और इसके लिए स्वदेशी को प्राथमिकता देनी होगी।



भागवत ने कहा, आत्मनिर्भर होने का मतलब आयात बंद करना नहीं है। दुनिया आगे बढ़ती है, क्योंकि यह एक-दूसरे पर निर्भर है। इसलिए आयात-निर्यात जारी रहेगा। हालांकि, इसमें कोई दबाव नहीं होना चाहिए। सरसंघचालक ने राजनयिकों, नौकरशाहों, पूर्व सैन्य कर्मियों, वैज्ञानिकों, विचारकों और गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अन्य को संबोधित करते हुए कहा, बाहर (विदेशों) से वस्तुएं आयात करने से स्थानीय विक्रेताओं को नुकसान होता है।

भागवत की यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है, जब रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लागू हो गया है।

उन्होंने कहा, जो कुछ भी आपके देश में बनता है, उसे बाहर से आयात करने की कोई जरूरत नहीं है। जो कुछ भी जीवन के लिए जरूरी है और आपके देश में नहीं बनता, उसे हम बाहर से आयात करेंगे। भागवत ने कहा, देश की नीति स्वेच्छा से बनाई जानी चाहिए, किसी के दबाव में नहीं आना चाहिए। यही स्वदेशी है। उन्होंने कहा कि आरएसएस का प्रयास समाज के हर वर्ग तक पहुंचना होगा और आशा जताई कि अन्य देशों में भी संघ जैसे संगठन की भावना पनपेगी।

### विश्व व्यवस्था में बढ़ गया है कट्टरपंथ

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि मौजूदा विश्व व्यवस्था में कट्टरपंथ बढ़ गया है क्योंकि लोग अपने विचारों के खिलाफ बोलने वालों को नकार देते हैं। भागवत ने कट्टरपंथ और अनियंत्रित उपभोक्तावाद के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा, समाधान धर्म में निहित है, धर्म विविधता का सम्मान करता है, जिसमें पर्यावरण का सम्मान भी शामिल है। धर्म संतुलन की बात करता है। भारत इस आधुनिक चुनौती का समाधान दे सकता है जिसका विश्व अभी सामना कर रहा है। भागवत ने कहा, दुनिया में परिवर्तन लाने से पहले हमें अपने घर से समाज में परिवर्तन की शुरुआत करनी होगी।

